

# Transforming Smiles, Transforming Oral Health Gujarat's Premier Dental College Leads the Way

**In the journey towards holistic health, oral and dental care often remains underestimated, yet it is an inseparable part of overall well-being. Scientific studies affirm that poor oral health is directly linked to systemic diseases such as heart ailments, diabetes, and respiratory disorders. Healthy teeth and gums are not merely a matter of appearance; they are the foundation for nutrition, speech, self-confidence, and a dignified quality of life.**

**Under the visionary leadership of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi and Hon'ble Chief Minister Shri Bhupendra Patel, Gujarat is charting a decisive path towards becoming a global hub for medical tourism, with the dental and oral health sector as a vital pillar of this journey. The State has ensured that oral healthcare enjoys the same priority, investment, and innovation as other advanced medical domains firmly establishing Gujarat as a pioneer in integrated and world-class healthcare delivery.**

## GDCHA: GUJARAT'S CROWN JEWEL IN ORAL HEALTHCARE

A shining example of this commitment is the Government Dental College and Hospital, Ahmedabad (GDCHA), one of the oldest and most distinguished institutes in India, situated in the Medi-City campus of the Civil Hospital under the Ministry of Health & Family Welfare, Government of Gujarat.

With a vision to evolve as an institution of excellence in dentistry, GDCHA has been imparting quality education, conducting research, and delivering world-class oral healthcare at par with global standards. Every day, the institute serves an impressive average of 600 new OPD patients, not only from Gujarat but also from neighbouring states testifying to its reputation for excellence.

The State Government and GDCHA have extended their reach far beyond the capital city, providing superior oral health services through Community Health Centres (CHCs) across Gujarat, while also preparing hundreds of skilled dental professionals who will shape the future of oral healthcare in India. The dedication of its faculty and students extended to outreach activities in schools and tribal belts such as the Dang district, bringing advanced dental care to underprivileged communities.

With a rare blend of academic excellence, compassionate care, and state-wide outreach, GDCHA stands as a beacon of Gujarat's commitment to inclusive health. Guided by the progressive vision of Shri Narendra Modi and Shri Bhupendra Patel, Gujarat is not only caring for smiles but also ensuring that oral health remains a vital pillar in its march towards becoming a global leader in medical and dental tourism.

## GUARDIANS OF HEALTH, BEACONS OF HUMANITY

When Gujarat faced some of its most challenging times, GDCHA stood as a pillar of strength and compassion. During the COVID-19 pandemic, Gujarat State and GDCHA led from the front diagnosing, treating, and rehabilitating more than 900 patients suffering from mucormycosis, offering not just medical intervention but hope and healing.

In the recent aftermath of the tragic Air India plane crash on 12th June 2025, the institute's faculty and students once again rose to the occasion with remarkable courage and precision. Their vital role in the forensic identification of victims brought closure, dignity, and solace to grieving families reflecting the institution's deep sense of duty to society.

With such unwavering dedication, Gujarat is not only ensuring brighter smiles but also building healthier, more confident communities, true to its spirit of Vikas with Vishwas.

## WORLD-CLASS INFRASTRUCTURE & CUTTING-EDGE FACILITIES AT GDCHA

- **State-of-the-Art Campus:** Modern infrastructure designed for high-quality dental education and advanced clinical practice.
- **Affordable Excellence:** Superior dental treatment services at highly affordable costs for the community.
- Mobile Dental Van Services: Provided by Gujarat's Health & Family Welfare Department for outreach in rural and distant areas, including one-day denture camps, school camps, jail duties, and remote dental camps.
- **Expert Faculty Strength:** Around 90 full-time faculty members, each with an average of 20+ years of experience, ensuring top-tier education and patient care.
- **Specialty Clinics:** Comprehensive Clinic, Esthetic Clinic, Geriatric Clinic, and more enhancing student training and patient service diversity.
- **Advanced Technology Integration:** Facilities such as CBCT, LASERS, Endodontic Microscope, Digital Impression Scanner, and dedicated Photography Room for enhanced learning and diagnostics.
- **Research & Innovation Hub:** Incubation Centre established under State MOHFW for high-quality student and faculty research benefiting the community.
- **Accessibility for All:** Divyangjan-friendly infrastructure with ramps, lifts, wheelchairs, and accessible washrooms.
- **Empowering the Differently-Abled:** Recruitment of Divyangjan in desk jobs under contractual appointment by MOHFW Gujarat, ensuring financial and social independence.



# PIONEERING ACHIEVEMENTS & NATIONAL RECOGNITION

- Trailblazer in Dental Education: First dental college in Gujarat and second in India to receive NABH Accreditation.
- Excellence in Academics: Awarded NAAC Accreditation with A+ Grade, marking it among the top institutions in the country.
- National Honour: Recipient of the prestigious SKOCH Award – Swasth Bharat (Gold Category) for outstanding contribution to healthcare.
- State-Level Recognition: Winner of KAYAKALP Award for excellence in public health facilities.
- Quality Assurance Leadership: Achieved NQAS Accreditation for adherence to highest national quality standards in healthcare delivery.






*"We are continuing to work together in making our institute the one that fosters the highest level of clinical education and research, with cutting-edge facilities for students and faculty, and the one where patients are served in an environment that is welcoming and efficient. I encourage you to explore our website to learn more about our institute, its faculty, education & activities. Join us on our journey to enhance the health of our community."*

***- Dr. Rupal J. Shah, Additional Director (Dental) & Dean, Government Dental College & Hospital, Ahmedabad.***




## EXTENDING SMILES BEYOND THE CAMPUS

Carrying forward its mission of "Health for All," the Government Dental College and Hospital, Ahmedabad, goes well beyond the confines of its campus to serve the people of Gujarat. Through a series of well-planned and sustained outreach activities in both rural and urban pockets around Ahmedabad, the institute has consistently worked to prevent oral diseases and promote overall oral health awareness among communities.

In 2025 , over 7,324 individuals benefitted from 60 out reach program which shows numbers are increased than 2024 creating positive impact. These initiatives led with vision and dedication by the Dean and Additional Director (Dental) reflect GDCHA's holistic approach to community dental care, combining prevention, early diagnosis, and timely treatment.

By reaching the most underserved populations, the institute is not just treating dental problems it is sowing the seeds of a healthier Gujarat, one smile at a time.







## FROM AWARENESS TO ACTION: GDCHA'S MISSION TO END ORAL CANCER

Recognising that oral health is inseparably linked to overall well-being, the Government Dental College and Hospital, Ahmedabad, has taken a proactive stance in the fight against oral cancer a disease often preventable through awareness, early detection, and timely intervention. Through its extensive oral health camps held across both urban and rural Gujarat, the institute has been empowering communities to break free from hazardous oral habits and embrace healthier lifestyles.

Strengthening this mission, the Government of Gujarat, in collaboration with GDCHA, has established a dedicated Tobacco Cessation Centre. Designed to serve high-risk individuals, the centre offers interactive digital presentations on the dangers of tobacco, personalised counselling, and motivation sessions to help patients quit. Equipped with advanced tools such as a smokerlyzer, the centre provides measurable progress tracking for those on the path to quitting.


In 2024 alone, 2,955 patients visited the centre, and from January to June 2025, 1,335 patients actively participated in cessation programmes achieving a commendable 10% success rate. Through targeted information, education, and communication, the centre is transforming lives, helping people overcome addiction, and reducing the burden of oral cancer across Gujarat.


## EXTENDING COMPASSION BEHIND THE WALLS – DENTAL CARE FOR JAIL INMATES

In line with the State's belief that quality healthcare is the right of every individual, the Government of Gujarat and the Government Dental College & Hospital, Ahmedabad (GDCHA) have taken dental care services beyond conventional boundaries. Sabarmati Central Jail, functioning as a satellite center of the institute, stands as a testament to this commitment.

Every week, a dedicated team of GDCHA doctors visits the facility to provide comprehensive and incremental dental care to inmates — not merely as a medical service, but as a humanitarian duty. The approach ensures that prisoners, often deprived of regular healthcare, receive timely treatment, pain relief, and guidance on oral hygiene practices.

Over 2024 and 2025, a total of 2,100 inmates have benefitted from these services. Such continued outreach reflects Gujarat's progressive vision — that preventive and curative oral healthcare should reach every section of society, ultimately contributing to the creation of an oral disease–free community where awareness and wellness go hand in hand.




## CHAMPIONING THE NATIONAL ORAL HEALTH PROGRAMME – GUJARAT'S SUCCESS STORY

Launched in 2014–15 in Chhota Udaipur district, NOHP has now expanded to all 33 districts of Gujarat under GDCHA's supervision.

**Impact Highlights (FY 2024–25):**

- 9,00,977 beneficiaries served
- Average 75,000+ monthly OPD cases
- Promotion of preventive, curative, and PPP-driven oral health services

**National Recognition:**

- 2nd Prize in World Oral Health Day celebrations at national level for FY 2023–24 & FY 2024–25
- Consistent Best Performer Award for the third consecutive year — presented on 6 August 2025 by DGHS, MoHFW at the 7th National Steering Group Meeting for Oral Health
- GDCH Jamnagar honoured as Best Performer for its outstanding contribution to oral health initiatives



# स्वस्थ मुस्कान, उज्ज्वल भविष्य: गुजरात का डेंटल कॉलेज बना दंत स्वास्थ्य का नया आदर्श

समग्र स्वास्थ्य की दिशा में यात्रा में मुख एवं दंत स्वास्थ्य अक्सर कम आंका जाता है, लेकिन यह समग्र कल्याण का अभिन्न हिस्सा है। वैज्ञानिक अध्ययन स्पष्ट रूप से बताते हैं कि कमजोर दंत स्वास्थ्य सीधे हृदय रोग, मधुमेह और श्वसन संबंधी बीमारियों जैसी प्रणालीगत बीमारियों से जुड़ा हुआ है। स्वस्थ दांत और मसूड़े केवल सौंदर्य से संबंधित नहीं हैं बल्कि यह पोषण, भाषण, आत्मविश्वास और जीवन की गरिमापूर्ण गुणवत्ता की नींव हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व में, गुजरात चिकित्सा पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र बनने की ओर निर्णायक कदम उठा रहा है, जिसमें दंत और मुख एवं दंत स्वास्थ्य स्वास्थ्य क्षेत्र इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। राज्य ने यह सुनिश्चित किया है कि मुख एवं दंत स्वास्थ्य स्वास्थ्य को भी अन्य उन्नत चिकित्सा क्षेत्रों की तरह प्राथमिकता, निवेश और नवाचार मिले, जिससे गुजरात समग्र और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में अग्रणी बन रहा है।

## GDCHA: मुख एवं दंत चिकित्सा में गुजरात का क्राउन ज्वेल

यह प्रतिबद्धता गुजरात में मुख एवं दंत स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है, और इसका सबसे उज्ज्वल उदाहरण है स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, गुजरात सरकार के अंतर्गत सिविल अस्पताल के मेडी-सिटी कैंपस में स्थित अहमदाबाद का सरकारी डेंटल कॉलेज और अस्पताल (GDCHA), जो भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है।

दंत चिकित्सा में उत्कृष्टता के संस्थान के रूप में विकसित होने की दृष्टि के साथ, GDCHA गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा शिक्षा प्रदान कर रहा है, अनुसंधान कर रहा है और वैश्विक मानकों के अनुरूप विश्व स्तरीय मुख एवं दंत स्वास्थ्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। प्रतिदिन यह संस्थान औसतन 600 नए ओपीडी रोगियों की सेवा करता है, न केवल गुजरात से बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी, जो इसकी उत्कृष्टता की प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

राज्य सरकार और GDCHA ने अपनी सेवाओं की पहुँच केवल राजधानी तक सीमित नहीं रखी है, बल्कि इसे राज्य के दूरदराज क्षेत्रों तक विस्तारित किया है। गुजरात के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHCs) के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली मुख एवं दंत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। साथ ही, सैकड़ों कुशल दंत चिकित्सक तैयार किए जा रहे हैं, जो भारत में मुख एवं दंत स्वास्थ्य के भविष्य को संवारेंगे। इसके संकाय और छात्रों की टीम ने स्कूलों और आदिवासी क्षेत्रों, जैसे डांग जिले, में आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से उन्नत दंत चिकित्सा सेवाएं वंचित समुदायों तक पहुँचाई हैं।

अकादमिक उत्कृष्टता, सहानुभूति पूर्ण देखभाल और राज्यव्यापी पहुँच के अद्वितीय संयोजन के साथ, GDCHA गुजरात की मुख एवं दंत चिकित्सीय सुविधाओं के साथ-साथ समावेशी स्वास्थ्य प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल की दूरदर्शी नेतृत्व में, GDCHA न केवल लोगों की मुस्कानों की सुरक्षा और सुधार में अग्रणी है, बल्कि यह सुनिश्चित कर रहा है कि मुख एवं दंत स्वास्थ्य, वैश्विक स्तर पर चिकित्सा और दंत पर्यटन में गुजरात की उत्कृष्टता की यात्रा में एक मजबूत और महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में स्थापित हो।

## स्वास्थ्य के रक्षक, मानवता के दीपस्तंभ

COVID-19 महामारी के दौरान, जब गुजरात ने अपने सबसे चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया, तब GDCHA शक्ति और करुणा का स्तंभ बनकर सामने आया। इस दौरान, संस्थान ने म्यूकोरमाइकोसिस से पीड़ित 900 से अधिक रोगियों का निदान, उपचार और पुनर्वास किया, जो केवल चिकित्सीय हस्तक्षेप ही नहीं, बल्कि आशा और मानवता का शानदार उदाहरण है।

हाल ही में, 12 जून 2025 को हुई एयर इंडिया विमान दुर्घटना के बाद, GDCHA के संकाय और छात्रों ने फिर से साहस और दक्षता के साथ जिम्मेदारी निभाई। पीड़ितों की फॉरेंसिक पहचान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका ने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना, सम्मान और Closure प्रदान किया, जो संस्थान की समाज के प्रति गहरी जिम्मेदारी को उजागर करता है।

इस अडिग समर्पण के साथ, गुजरात न केवल उज्जवल मुस्कान सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि स्वस्थ, आत्मविश्वासी और सशक्त समुदायों के निर्माण की दिशा में भी अग्रसर है, जो "विकास के साथ विश्वास" की भावना का जीवंत उदाहरण है।

## GDCHA में विश्व स्तरीय अवसंरचना और अत्याधुनिक सुविधाएँ

- **आधुनिक कैंपस:** उच्च गुणवत्ता वाली दंत शिक्षा और उन्नत क्लिनिकल अभ्यास के लिए आधुनिक अवसंरचना।
- **सुलभ उत्कृष्टता:** समुदाय के लिए अत्यधिक किफायती दरों पर श्रेष्ठ दंत चिकित्सा सेवाएँ।
- **मोबाइल डेंटल वैन सेवाएँ:** गुजरात स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में आउटरीच के लिए प्रदान की जाती हैं, जिनमें एक-दिवसीय डेंचर कैंप, स्कूल कैंप, जेल ड्यूटी और दूरस्थ डेंटल कैंप शामिल हैं।
- **विशेषज्ञ संकाय:** लगभग 90 पूर्णकालिक संकाय सदस्य, प्रत्येक के पास औसतन 20+ वर्षों का अनुभव, उच्चतम स्तर की शिक्षा और रोगी देखभाल सुनिश्चित करते हैं।
- **विशेष क्लिनिक:** कॉम्प्रिहेंसिव क्लिनिक, एस्थेटिक क्लिनिक, जेरीट्रिक क्लिनिक आदि, जो छात्र प्रशिक्षण और रोगी सेवा में विविधता प्रदान करते हैं।
- **उन्नत तकनीकी एकीकरण:** CBCT, LASERS, एंडोडॉन्टिक माइक्रोस्कोप, डिजिटल इम्प्रेशन स्कैनर और समर्पित फोटोग्राफी रूम जैसी सुविधाएँ, बेहतर सीखने और डायग्नोस्टिक्स के लिए।
- **अनुसंधान और नवाचार केंद्र:** राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर, जो छात्र और संकाय के उच्च गुणवत्ता वाले शोध को समुदाय के लाभ के लिए प्रोत्साहित करता है।
- **सभी के लिए सुलभता:** दिव्यांगजन के लिए रैम्प, लिफ्ट, व्हीलचेयर और सुलभ शौचालय जैसी सुविधाएँ।
- **दिव्यांग सशक्तिकरण:** MOHFW गुजरात द्वारा संविदात्मक नियुक्ति में डेस्क जॉब्स में दिव्यांगजन की भर्ती, जिससे वित्तीय और सामाजिक स्वतंत्रता सुनिश्चित होती है।



## अग्रणी उपलब्धियाँ और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता

- **दंत शिक्षा में अग्रणी:** गुजरात का पहला और भारत का दूसरा दंत कॉलेज जिसे NABH मान्यता प्राप्त है।
- **शैक्षणिक उत्कृष्टता:** NAAC मान्यता (A+ ग्रेड) से सम्मानित, जो इसे देश के शीर्ष संस्थानों में शामिल करता है।
- **राष्ट्रीय सम्मान:** प्रतिष्ठित SKOCH Award – Swasth Bharat (Gold Category) से सम्मानित, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए।
- **राज्य स्तरीय मान्यता:** सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में उत्कृष्टता के लिए KAYAKALP Award विजेता।
- **गुणवत्ता आश्वासन नेतृत्व:** स्वास्थ्य सेवा में सर्वोच्च राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए NQAS मान्यता प्राप्त।






**"हम लगातार अपने संस्थान को एक ऐसे केंद्र के रूप में विकसित करने पर काम कर रहे हैं, जो छात्रों और संकाय के लिए उच्चतम स्तर की क्लिनिकल शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देता हो, और जहां मरीजों को स्वागत पूर्ण और कुशल वातावरण में सेवा दी जाती हो। मैं आपसे आग्रह करती हूँ कि हमारे संस्थान, इसके संकाय, शिक्षा और गतिविधियों के बारे में अधिक जानने के लिए हमारी वेबसाइट देखें। हमारे साथ जुड़ें और हमारी इस यात्रा में सहयोग करें, ताकि हम अपनी समुदाय की स्वास्थ्य स्थिति को और बेहतर बना सकें।"**


**- डॉ. रुपल जे. शाह, अपर निदेशक (दंत) एवं डीन, सरकारी डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल, अहमदाबाद**



## कैंपस से आगे मुस्कान का विस्तार

"सर्वजन के लिए स्वास्थ्य" के अपने मिशन को आगे बढ़ाते हुए, अहमदाबाद का सरकारी डेंटल कॉलेज और अस्पताल (GDCHA) केवल अपने परिसर तक सीमित नहीं है, बल्कि गुजरात के लोगों की सेवा में निरंतर कार्यरत है। अहमदाबाद के आसपास ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सुव्यवस्थित और सतत आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से, संस्थान ने लगातार मुख के रोगों की रोकथाम और समुदायों में मुख के स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा दिया है।

साल 2025 में, 60 आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से 7,324 से अधिक लोगों को लाभ मिला, जो 2024 की तुलना में बढ़ोतरी दर्शाता है और सकारात्मक प्रभाव पैदा करता है। डीन और अपर निदेशक (दंत) डॉ. रुपल जे. शाह द्वारा दूरदर्शिता और समर्पण के साथ संचालित ये पहल GDCHA के सामुदायिक दंत देखभाल के समग्र दृष्टिकोण को प्रदर्शित करती हैं, जिसमें रोकथाम, समय पर निदान और उपचार को संयोजित किया गया है। सबसे पिछड़े और असुविधाग्रस्त क्षेत्रों तक पहुँचकर, यह संस्थान केवल दंत समस्याओं का उपचार नहीं कर रहा है, बल्कि हर मुस्कान के साथ एक स्वस्थ गुजरात की नींव रख रहा है।







## जागरूकता से कार्रवाई तक: मुख के कैंसर को समाप्त करने का GDCHA का मिशन

मुख के स्वास्थ्य को समग्र स्वास्थ्य से अविभाज्य रूप से जुड़ा मानते हुए, अहमदाबाद का सरकारी डेंटल कॉलेज और अस्पताल (GDCHA) मुख कैंसर के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभा रहा है जो एक ऐसा रोग है जिसे जागरूकता, समय पर पहचान और उचित हस्तक्षेप से अक्सर रोका जा सकता है। पूरे गुजरात के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित व्यापक मुख स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से, संस्थान ने समुदायों को हानिकारक मुख आदतों से मुक्ति पाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए सशक्त बनाया है।

इस मिशन को मजबूत करते हुए, गुजरात सरकार ने GDCHA के सहयोग से एक समर्पित तंबाकू निषेध केंद्र की स्थापना की है। उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की सेवा के लिए डिजाइन किए गए इस केंद्र में तंबाकू के खतरों पर डिजिटल प्रस्तुतीकरण, व्यक्तिगत परामर्श और प्रेरक सत्र आयोजित किए जाते हैं ताकि रोगियों को तंबाकू छोड़ने में मदद मिल सके। स्मोकरलाईज़र जैसे उन्नत उपकरणों से लैस यह केंद्र प्रगति की माप और निगरानी सुनिश्चित करता है।


केवल 2024 में, 2,955 रोगियों ने इस केंद्र का दौरा किया, और जनवरी से जून 2025 तक 1,335 रोगियों ने सक्रिय रूप से निषेध कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें 10% सफलता दर प्राप्त हुई। लक्षित सूचना, शिक्षा और संचार के माध्यम से, यह केंद्र जीवन बदल रहा है, लोगों को लत से मुक्त कर रहा है और गुजरात में मुख कैंसर के बोझ को कम करने में योगदान दे रहा है।


## GDCHA की संवेदनशील पहल जेल कैदियों के लिए दंत चिकित्सा सेवाएँ

राज्य की इस मान्यता के अनुरूप कि गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा हर व्यक्ति का अधिकार है, गुजरात सरकार और अहमदाबाद का सरकारी डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल (GDCHA) दंत चिकित्सा सेवाओं को पारंपरिक सीमाओं से आगे ले गए हैं। इस प्रतिबद्धता का उदाहरण साबरमती सेंट्रल जेल है, जो संस्थान का एक उपकेंद्र के रूप में कार्य करता है।

प्रत्येक सप्ताह, GDCHA की समर्पित टीम जेल का दौरा करती है और कैदियों को व्यापक एवं क्रमिक दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करती है। यह केवल चिकित्सीय सेवा नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस दृष्टिकोण से कैदी, जिन्हें नियमित स्वास्थ्य देखभाल से अक्सर वंचित रखा जाता है, उन्हें समय पर उपचार, दर्द से राहत और मुख स्वच्छता का मार्गदर्शन मिलता है।

वर्ष 2024 और 2025 के दौरान कुल 2,100 कैदियों ने इन सेवाओं का लाभ उठाया। इस लगातार जारी आउटरीच कार्यक्रम से गुजरात की प्रगतिशील दृष्टि स्पष्ट होती है कि रोकथाम और उपचार दोनों प्रकार की मुख स्वास्थ्य सेवाएं समाज के हर वर्ग तक पहुँचनी चाहिए, ताकि एक ऐसा समुदाय निर्मित हो जहाँ जागरूकता और स्वास्थ्य साथ-साथ आगे बढ़ें।




## राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम में अग्रणी GDCHA

2014–15 में छोटा उदयपुर जिले में लॉन्च किए गए राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम (NOHP) को अब GDCHA के मार्गदर्शन में गुजरात के सभी 33 जिलों में विस्तारित किया गया है।

**इसके मुख्य आँकड़े (वित्तीय वर्ष 2024–25):**

- 9,00,977 लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान की गईं
- औसतन 75,000+ मासिक ओपीडी मामले
- रोकथाम, उपचार और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) आधारित मुख स्वास्थ्य सेवाओं का प्रचार

**राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता:**

- वित्तीय वर्ष 2023–24 और 2024–25 के लिए विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार
- लगातार तीसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता पुरस्कार: 6 अगस्त 2025 को MoHFW के DGHS द्वारा 7वीं राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक में प्रदान किया गया
- GDCH जमनगर को मुख स्वास्थ्य पहलों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता के रूप में सम्मानित किया गया